# कान्हा के रंग में रंगा पलामू

## रंग -बिरंगे झालरों से जगमगा रहे मंदिर, बह रही भक्ति की रसधार
## श्री कृष्ण जन्माष्टमी को ले हर तरफ भक्ति व उल्लास का माहौल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर हर तरफ भक्ति व उल्लास का माहौल है। भगवान के जन्म को ले शहर समेत ग्रामीण इलाकों में स्थित मंदिर व मठों की विशेष साज सज्जा की गई है। मंदिरों में धार्मिक मान्यताओं के आधार पर मथुरा के जेल का दृश्य तैयार किया गया है। रंग बिरंगी बतियों की सजावट से मंदिर जगमगा रहे हैं। मंदिरों में श्री कृष्ण नाम आधारित भजनों से वातावरण गूंज रहा है। हरे कृष्णा, हरे कृष्णा की धून पर भक्त नाच रहे हैं। चहुओर भक्ति की रसधार बह रही है।महा जन्माष्टमी को लेकर शहर के बाजार क्षेत्र स्थित श्री विष्णु मंदिर, रेड़मा के ठाकुरबाड़ी, चैनपुर के मनोकामना सिद्धपीठ हनुमान मंदिर समेत निगम क्षेत्र के दर्जनों मंदिरों की खास सजावट कर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की बिशेष तैयारी की गई है। कहा जा सकता है कि जन्माष्टमी को लेकर सम्पूर्ण पलामू जिला कान्हा के रंग में रंग गया है। इधर हरेकृष्ण प्रचार विभाग ने इस मौके पर शहर में हरिराम संकीर्तन यात्रा निकाली। बुधवार की शाम गीता भवन से निकली यह यात्रा शहर भ्रमण के बाद गीता भवन लौटकर सम्पन्न हुई। इसकी अगुवाई भक्त जगन्नाथ प्रभु कर रहे थे। इसमें बड़ी संख्या में महिलायें शामिल थी।

## सजी झांकियों ने सभी का मन मोहा, आज भी मनेगा

# पलामू में दो दिवसीय कृष्ण जन्मोत्सव का त्योहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में बुधवार को धूमधाम के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। बुधवार को मेदिनीनगर एवं आसपास के क्षेत्र में सभी ठाकुरबाड़ियों और मंदिरों में पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ श्रीकृष्ण भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। चारों ओर उल्लास का वातावरण रहा। शहर के विष्णु मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हर ओर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की धूम रही। जन्माष्टमी पर सजी झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्म दिन मनाया। रात 12 बजते ही मंदिरों से घंट-घड़ियालों की आवाज से पूरी माहौल भक्तिमय हो उठा। मंदिरों से घंटों की आवाज आने लगी। घंटो के साथ-साथ हाथी



घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की से पूरा वातावरण गूंज उठा। सभी जगहों पर सजाई गई आकर्षक झांकियां लोगों का मन मोह रही थीं। जन्माष्टमी का व्रत रखने वाले श्रद्धालु सुबह से ही प्रसाद में पंजीरी तैयार करने में जुटे थे। वही बच्चे झांकियां सजाने में मशगूल रहे। शहर के सभी मोहल्लों में नंदलाल के जन्मोत्सव पर आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं। शाम होते ही भव्य रोशनी झांकियों से निकली। दिनभर की अथक तैयारी के बाद रात 12 बजे विधिविधान से भगवान श्रीकृष्ण का जन्म कराया गया। घंट-घड़ियाल की आवाज के साथ देररात तक श्रीकृष्ण की आरती का सिलसिला चला। ढोल मजीरे के साथ महिलाओ ने सोहर गाया। वहीं जन्माष्टमी को लेकर ज्योतिषाचार्य गिरिधर गोपाल मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष भाद्रपद माह की कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथी 6 सितंबर बुधवार को रात्रि 07:57 में आरंभ होगी और 7 सितंबर को रात्रि 07:51 में समाप्त होगी। इसके साथ ही 6 सितंबर को दोपहर 02:39 पर रोहिणी नक्षत्र भी प्रवेश हो रहा है। जो 7 सितंबर दोपहर 03:07 में समाप्त होगा। जिसे लेकर 6 सितंबर को जन्माष्टमी मनाना शुभ है, क्योकि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भी रोहिणी नक्षत्र में ही हुआ था। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन वालों के लिए 6 सितंबर को व्रत रखना शुभ होगा और जो लोग वैष्णव सम्प्रदाय को मानने वाले है उनके लिए 7 सितम्बर को शुभ होगा। वहीं पूजा का शुभ मुहुर्त 6 सितंबर को रात्रि 11:47 से 12:42 तक है। उन्होंने यह भी कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व में उदयातिथि नही ली जाती है।

## NEWS इन ब्रीफ

### एमएमसीएच में लापरवाही व बदसलूकी के खिलाफ प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** एमएमसीएच में बढ़ती बदसुलूकती तथा लापरवाही के खिलाफ आर वाई ए,आइसा और जेसीएम ने प्रदर्शन किया। बुधवार सुबह 10 बजे आइसा के एक साथी अपने मां के इलाज हेतु एमएमसीएच के 46 नंबर वार्ड में गए । वहां उज्जवल पासवान नाम के एक कर्मी बतमीजी करते हुए मारपीट किया। वहीं 05 सितंबर को रितिका कुमारी, उम्र 11 वर्ष, ग्राम कोइरियाडीह निवासी को एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन चढ़ाने का मामला भी सामने आया। इस मामले से प्रभारी सुप्रिडेंटेड डॉ आर के रंजन से बात की तो सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर साबित हुआ कि उज्जवल पासवान नामक अस्पतालकर्मी ने दुर्व्यवहार किया है। मामले को देखते हुए आर वाई ए के राष्ट्रीय परिषद सदस्य दिव्या भगत के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। सूचना मिलने पर आर वाई ए जिलाध्यक्ष इजहार अली हैदर, आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ,अध्यक्ष तरुण कुमार,जिला सचिव गौतम दांगी,अध्यक्ष गुड्डू भुइयां,रंजीत कुमार सिंह,जेसीएम के कौशल किशोर, फैजल, आइसा के अभय सिंह, शाहिद शेख, युवा नेता उमेश रवि समेत दर्जनों लोग पहुंचे।

### हेरिटेज जिनी किड्स में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव संपन्न

**मेदिनीनगर।** बुधवार को नावाटोली स्थित हेरिटेज जिनी किड्स में जन्माष्टमी उत्सव धूम धाम से मनाया गया। कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में भगवान कृष्ण और राधा रानी की वेशभूषा में बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान बच्चों ने शिक्षिकाओं द्वारा बनाए गए विविध वाद्य यंत्रों का प्रयोग कर हरि भजन गाया और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# गांधी उद्यान में दिल्ली दरबार ओपन एयर रेस्टोरेंट प्रारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के चर्चित गांधी उद्यान में दिल्ली दरबार के नाम से नवनिर्मित वेज ओपन एयर रेस्टोरेंट का उद्घाटन नगर आयुक्त रवि आनंद एवं प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने नारियल तोड़ते हुए किया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। लोगों ने यहां के खुशनुमा वातावरण एवं अत्याधुनिक हाइजीनिक रेस्टोरेंट को काफी सराहा। रवि आनंद ने उद्घाटन करते हुए कहा मेदिनीनगर बदल रहा। मेरे आने के बाद कई बदलाव आए हैं, जिसमें प्रथम महापौर के दूरदर्शी विजन ,पूर्व के बोर्ड एवं पूर्व नगर आयुक्त का काफी योगदान रहा है। रवि आनंद ने कहा आने वाले समय मे निगम की काफी योजनाएं तैयार हैं। जो जल्द धरातल पर उतरेंगी। जिससे हमारा शहर और भी निखरेगा। इस अवसर पर पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने कहा मुझे खुशी है कि हमारे कार्यकाल के कार्यों की हर जगह सराहना हो रही है। आज गांधी उद्यान जहां कचरो का अंबार लगा रहता था वहां शहर का सबसे बेहतरीन पार्क हम लोगों ने बनाया और अब शहर का सबसे बेहतरीन एवं प्रमंडल का पहला ओपन एयर वेज रेस्टोरेंट जहां दिल्ली के बेहतरीन कारीगरों द्वारा इंडियन, चाइनीस, साउथ इंडियन फूड के साथ शानदार चटपटा चार्ट एवं जलेबी का स्वाद लोग लेते हुए बच्चों को मैदान में खेलते देखेंगे। दिल्ली दरबार द्वारा बड़े-बड़े क्लबो की तरह लगाए गए बड़े स्क्रीन जहां लोग गानों के साथ मैच का भी आनंद लेते हुए भोजन का आनंद लेंगे, यह शहर के लिए एक नई पहल है।। जिसे लोग पसंद करेंगे। उद्घाटन के अवसर पर सभी लोगों ने वहां के हाइजीनिक तरीके से बने स्वादिष्ट खाने की काफी तारीफ की। अंत में रेनू शर्मा ने शहर के नागरिकों की ओर से पूर्व महापौर, नगर आयुक्त, उपस्थित सभी पार्षदों को शहर को दिये गए इस नए उपहार के लिए कोटि-कोटि बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया तथा वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला ने सभी अतिथियों का स्वागत बुके दे कर किया।

### जहरीला सांप काटने से युवक की हालत गंभीर

**मेदिनीनगर।** रेहला थाना क्षेत्र के मुरमा गांव निवासी दिनेश राम के पुत्र विश्वनाथ साव उम्र 45 वर्ष को बीती रात जहरीले सांप ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि विश्वनाथ साव मंगलवार की शाम खेत की ओर से मवेशी लेकर आ रहे थे।इसी बीच रास्ते में जहरीले सांप ने उन्हें काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे पास के गांव में झाड़ फुक के लिए ले जाया गया। जहां झाड़ फूंक के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी रही। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।

## पीटीआर के गांवों के पुर्नवास पर बैठक, ग्रामीण नहीं आये

# कोर एरिया में बसे हुए गांव के लोग खुशहाल हों: अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। पलामू टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले तीन गांव लाटु, कुद्रम और जेयगिर पहाड़ के पुर्नवास की कोशिशे पिछले डेढ़ दशक से की जा रही है। इन तीनों गांव के लोग चाहते हैं कि वे कोर एरिया से बाहर निकलें, उनके लिए गांव बसाया जाये। जहां सभी मूल रूप सुविधा दी जाये। इन ग्रामीणों का मानना है और यह बात सही भी है कि पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में रहने के कारण यह ग्रामीण राज्य सरकार की बहुत सारी विकास योजनाओं और विकास लाभ से वंचित हो जाते हैं। अधिकारियों ने कहा है कि जब ग्रामीणों को फैसला करने का समय आता है तो वह या तो ढीले पड़ जाते हैं या सुस्त । सूत्रों की मानें तो हाल के दिनों में लातेहार के उपायुक्त हिमांशु मोहन जो जिला स्तरीय क्रियंगमन समिति के अध्यक्ष हैं कि बुलाई बैठक में लाटू ग्राम का कोई भी ग्रामीण शामिल नहीं हुआ। यह बहुत ही आश्चर्यजनक रहा। कुद्रम के ग्रामीण आए और जेयगीर पहाड़ के ग्रामीण आये। उन्होंने अपनी राय दी। उन्होंने प्रशासन के बाद सुनी, कहीं पर ना कोई दबाव था ना कोई लालच था, लेकिन घोर आश्चर्य है कि लाटू गांव का एक भी व्यक्ति इस बैठक में शामिल नहीं हुआ। कुमार आशीष ने आगे प्रेस को बताया कि वह जानने की कोशिश करेंगे कि आखिर इस हाल के दिनों में हुए जिला स्तरीय क्रियंगमन समिति के बैठक में लाटू ग्राम के लोग आखिर क्यों नहीं आए। क्या उन्हें समय का सूचना नहीं मिला या कोई और बात है। उन्होंने स्पष्ट किया किसी भी ग्रामीण को संदेह हो, यदि किसी भी आशंका हो तो वह तुरंत रेंजर से मिलें। वे अपनी बातों को रख सकते हैं। पलामू टाइगर रिजर्व यह चाहता है कि कोर एरिया में बसे हुए गांव के लोग खुशहाल हों, दूसरे गांव की तरह विकसित हो, दूसरे गांव की तरह शिक्षित हों। अगर यह तीनों गांव पीटीआर से बिल्कुल बाहर जाकर बसते हैं, तो एक बहुत बड़ा हिस्सा वन्य प्राणियों के लिए खाली होगा। जो जंगल और वन प्राणियों के लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है। लातेहार प्रशासन ने लाइपेला पत्थर नामक जगह में 200 एकड़ से भी ज्यादा जमीन खोज ली है। इस जमीन पर यदि लोग आकर बसना चाहे तो सरकार और एनपीसीए दोनों उनकी मदद के लिए खड़े हैं।

# कारगिल शहीद का मना शहादत दिवस




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज कारगिल शहीद स्मारक पार्क, पोल पोल में मां भारती के लाल कारगिल शहीद हवलदार प्रबोध महतो का शहादत दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कारगिल शहीद स्मारक में लगे प्रतिमा शहीद युगम्बर दीक्षित एवं शहीद प्रबोध महतो की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। पुरा परिसर भारत माता की जय, वंदे मातरम, शहीद युगम्बर दीक्षित अमर रहे, शहीद प्रबोध महतो अमर रहे के नारों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का संचालन सह अध्यक्षता पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में बोलते पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि शहीद प्रबोध महतो ने भारतीय सेना की सर्वोच्च परंपरा 'बलिदान' का निर्वहन करते हुए मातृभूमि की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर किया। मां भारती के लाल शहीद प्रबोध महतो पलामू के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। जिन्हें जन्मों जन्मांतर तक याद किया जाएगा। मौके पर पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला, भास्कर दुबे, श्रीमती संजू शुक्ला, अभिमन्यु कुमार सिंह, रामविलास साहू, संगीता देवी, फैयाज अंसारी, ममता देवी, मोहन गिरी, कमला देवी राजकुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### अलग-अलग बाइक दुर्घटना में चार व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** नावाबजार थाना क्षेत्र के ग्राम रजहरा निवासी दिनेश राम के पुत्र वशिष्ठ राम और उसी गांव के राम भजो राम बीती रात बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में वशिष्ठ राम ने बताया कि वह अपने गांव के एक व्यक्ति के साथ मंगलवार की शाम किसी काम से मेदिनीनगर गया था। मेदिनीनगर से घर लौटने के दौरान रास्ते में रजहरा रेलवे स्टेशन के पास दोनों बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी दोनों की स्थिति गंभीर में बनी हुई है। वहीं दूसरी और चैनपुर थाना क्षेत्र के पनेरी बांध निवासी रामां बैगा के पुत्र छोटू कुमार और सुदामा सिंह बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि छोटू और सुदामा एक बाइक पर सवार होकर बुधवार की सुबह किसी काम से मनिका रिश्तेदार के घर गए हुए थे।



## आस्था — मेदिनीनगर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवत कथा का आयोजन

# 21 से 28 नवंबर तक होगी देवकी नंदन ठाकुर की भागवत कथा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** परशुराम सेना युवा वाहिनी के तत्वावधान में सात दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 21 से 28 नवंबर तक होगा। पलामू जिला मुख्यालय डाल्टनगंज के बाईपास रोड स्थित हाउसिंग कॉलोनी में महायज्ञ का आयोजन होगा। जहां सात दिन तक धर्मरत्न देवकी नंदन ठाकुर द्वारा अमृत मई भागवत कथा कही जाएगी। इसकी शुरूआत 21 नवंबर को कलश यात्रा से शुरू होगी। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर रेड़मा चौक होते हुए गिरिवर स्कूल के पास कोयल नदी से जल उठाकर वापस छः मुहान चौक से पुलिस लाइन होते हुए बाईपास रोड स्थित यज्ञ स्थल पर पहुंचेगी। परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि इसके लिए 300 से अधिक सदस्य कार्य करेंगे। वहीं, यज्ञ स्थल तक जाने के लिए डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर श्रद्धालुओं को बस के माध्यम से यज्ञ स्थल तक पहुंचाया जाएगा। यज्ञ 7 दिनों तक चलेगा। इस दौरान 12 घंटे का प्रतिदिन महाभंडारा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें हर दिन अलग-अलग प्रसाद वितरण किया जाएगा। आगे बताया की इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र देवकी नंदन ठाकुर रहेंगे। कार्यक्रम में उनके द्वारा अमृत मई कथा का आनंद पलामू वासी ले सकेंगे। अब तक पलामू के लोग जिन्हें टीवी पर देखते आए हैं, उन्हें सामने से देखने के लिए काफी उत्सुकता है।

केतार प्रखंड कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में जिलाध्यक्ष का केंद्र सरकार पर हमला

# नौ साल की लूट व दो सौ की छूट भाजपा की चुनावी स्टंट : अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता। केतार** लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को कांग्रेस पार्टी की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामभजन गुप्ता ने की। बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी जनसमस्याओं से अध्यक्ष को अवगत कराया।

इस बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा की जिला अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार केतार प्रखंड में प्रखंड की जानता की जनसमस्याओं को सुनने और उसका समाधान करने आया हूं। उन्होंने कहा की चार साल में महागठबंधन की सरकार ने झारखंड में विकास की लकीरें खिंचने का कार्य किया है। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर इडी और सीबीआई ने मंत्री, मुख्यमंत्री को परेशान कर झारखंड कि विकास को बाधित करने का काम किया है। उन्होंने कहा की 9 साल की लूट फिर दो सौ रुपए की छूट भाजपा का चुनावी स्टंट है।




देश महंगाई, बेरोजगारी की मार झेल रही है। उन्होंने कहा की 2024 के लोकसभा चुनाव में जानता मुंहतोड़ जवाब देगी और इंडिया की सरकार बनायेगी। जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह ने बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह को अपने कार्यालय में बैठकर जानता की समस्या को सुनने और समाधान करने का निर्देश दिया ताकि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने मनरेगा, नल-जल योजना, मोटेशन में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की जांच कराने की बात कही। इस मौके पर दिवाकर चौबे, त्रिपुरारी सिंह, शुशिल चौबे, राहुल दुबे,बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष शुशिल पाठक, राम भजन गुप्ता, चंदन प्रसाद, प्रदीप गुप्ता, महेंद्र पाल, नागेन्द्र ठाकुर, सुनील राम, जसमुदिन अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## विकास योजनाओं और साफ सफाई कार्य में भारी अनियमितता का लगाया आरोप

**श्री बंशीधर नगर।** कांग्रेस सेवा दल के जिला मुख्य संगठक सह प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष ईश्वरी चौधरी ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न विकास योजनाओं व साफ सफाई में भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई करने तथा भुगतान पर रोक लगाने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र की सभी विकास योजनाओं व साफ सफाई में काफी अनियमितता बरती जा रही है। नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य सड़क व सभी वार्डों में साफ सफाई की स्थिति शून्य है, जबकि प्रतिमाह काफी खर्च करने के बाद भी शहर व वार्डों में गंदगी फैली है। पाल्हे कला से धुरकी मोड़ तक सड़क के किनारे गंदगी फैली है। नगर पंचायत क्षेत्र में विधुत पोल पर विगत दो माह पूर्व लगायी गयी लाइट इतनी घटिया किस्म की है कि



लगने के चार दिन बाद से ही लाइट बंद है। नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत पीसीसी पथ, आरसीसी नाली आदि कार्यों में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किया जा रहा है। सभी वार्डों में सोलर युक्त जलमीनार का अधिष्ठापन कराया गया है। अधिकांश जलमीनार से पानी का नहीं निकलना, पाइप लाइन को कम गढ्ढा खोदकर लगाना, नल में पानी नहीं आना इस तरह की घोर अनियमितता की गयी है। एक विशेष कमेटी द्वारा उक्त कार्यों की जांच कराकर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये भुगतान पर रोक लगायी जाय। उन्होंने इस आशय की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, नगर विकास आवास विभाग के सचिव व जिले के उपायुक्त को भी भेजी है।

# आरोप : केतार प्रखंड में चलती सरकारी योजनाओं में मची है लूट : ज्वाला प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। केतार** मंडल कार्यालय में भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने भ्रष्टाचार और सुखाड़ पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि प्रखंड में सरकारी योजनाओं में लूट मची है। प्रसाद ने कहा कि बारिश नहीं होने से प्रखंड में सुखाड़ की स्थिति बनी हुई है। किसानों के द्वारा खेतों में बोए गए बीज और धान की फसल सिंचाई के अभाव में सूख रही है। वहीं प्रखंड क्षेत्र में एक माह से बिजली की अनियमित स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण किसान अपने खेतों की पटवन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सिंचाई कूप, मेडबंदी, पीएम

**भाजपा नेता सह जिप सदस्य ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस**



सम्मन निधि योजना, बागवानी योजना, म्यूटेशन में संबंधित अधिकारियों द्वारा मोटी राशि की उगाही की जा रही है। जिप सदस्य ने कहा कि प्रखंड में सुखाड़ की स्थिति बनने के बावजूद प्रखंड के कई राशन डीलरों को दो माह का राशन नहीं दिया गया, जिसके कारण किसान भूखमरी के कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के गरीब ग्रामीण 40 से 50 रुपये किलोग्राम चावल खरीद कर खाने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने कहा कि जब क्षेत्र भ्रमण में जाता हूं तो क्षेत्र के किसान हमसे शिकायत करते हैं कि समय पर राशन नहीं मिल रहा है। सिंचाई कूप का लाभ किसानों के बजाय ठेकदारों को मिल रहा है। योग्य किसानों को सरकारी लाभों वंचित किया जा रहा है। प्रखंड में यदि यही स्थिति बनी रही और अधिकारियों द्वारा अपनी हरकतों में सुधार नहीं लाया गया तो विवश होकर मेरे द्वारा जल्द आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर नागेंद्र सिंह, मोची साह, रामनाथ सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कीटनाशक खाकर एक युवती ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के पतहरिया गांव निवासी राजेंद्र राम की पुत्री रिंकी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुयी थी, जिससे अक्रोशित होकर उसने कीटनाशक खा लिया। स्थिति बिगड़ने पर अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

जांचों उपरांत करवाई करने की मांग

# मझिआंव : नल जल में सरकारी पैसों का गबन

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत तलशबरिया में नल जल योजना के अंतर्गत पैसा गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर ताजुदीन खान ने उप विकास आयुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में लिखा गया है कि ग्राम घूरूआ खुर्द में महलुद खान के घर के पास से सेमरहत मंदिर तक नल जल योजना का पाइंप डेढ़ फीट खुदाई कर बिछाना था लेकिन तीन इंच खोदकर रबर का पाइप बिछाया गया है। वहीं जेई के द्वारा मापी पुस्तिका में डेढ़ फीट शो कर पैसा की निकासी कर ली गयी है। वहीं राजूदीन खान ने मांग करते हुये कहा है कि जांचों उपरांत दोषी पंचायत सचिव, जेई, मेंठ मुखिया महताब आलम पर कानूनी कारवाई करते हुए पैसा वसूली किया जाए एवं मुखिया महताब आलम का वित्तीय पावर सीज किया जाए।



# 'मिलीभगत से हो रहा है राशन का गबन'

प्रखंड प्रमुख व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने एमओ सह बीडीओ पर लगाया गंभीर आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी एवं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने बीडीओ जयपाल महतो पर गंभीर आरोप लगाते हुये कहा कि डीलर और एमओ सह बीडीओ की मिलीभगत से गरीबों का अनाज का गबन हो रहा है। इस संबंध में आधा दर्जन से अधिक डीलरों के खिलाफ शिकायत किये जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

प्रखड क्षेत्र के बुका गांव के डीलर उमेश यादव के दर्जनों कार्डधारी लाभुकों ने दो से चार माह के राशन गबन करने का आरोप लगाते हुए बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो से शिकायत करने प्रखड कार्यालय पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। लाभुक प्रभा देवी, शोभनाथ भुइयां, तिजनी देवी, मंजू देवी, मालती देवी, सुनीता देवी, प्यारी भुइयां, रीता देवी, मनमती



देवी, संझारिया देवी, सुमित्रा देवी, उत्तम देवी, लीला देवी, बरती देवी, बजेंति देवी, बिमली देवी, बेबी देवी, राधिका देवी, सरस्वती देवी, प्रमिला देवी ने बताया कि डीलर उमेश यादव के द्वारा हमलोगों को दो से चार महीने का राशन दिया गया है। अंगूठा लगवा कर बोला जाता है कि राशन जब आएगा तब आना देंगे और जब बाद में लेने आते हैं तो गली गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया जाता है।

लाभुकों के साथ बीडीओ से बात करने पहुंचे झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने लाभुकों के सामने ही बीडीओ पर आरोप लगाते हुए बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो से कहा कि आधा दर्जन से अधिक डीलरों की शिकायत मिलने के बाद भी आपके द्वारा कोई कारवाई नहीं की गयी। आपके द्वारा कभी राशन दुकान का निरीक्षण नहीं किया जाता है, जिससे समझा जा सकता है कि डीलर द्वारा आपकी मिलीभगत से ही गरीबों का राशन गबन किया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर डीलर उमेश यादव के कहा कि उसके द्वारा सभी लाभुकों का राशन वितरण कर दिया है। किसी से अभद्र व्यवहार नहीं करता। उसके ऊपर लगाए आरोप बेबुनियाद हैं।

### क्या कहते हैं एमओ

इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो ने कहा कि लाभुकों ने शिकायत की थी। डीलर उमेश यादव को 15 दिनों के अंदर राशन वितरण करने का निर्देश दिया है। राशन वितरण नहीं किया जाता है तो कार्रवाई की जायेगी।

# नये अस्पताल भवन का होगा जीर्णोद्धार

कार्यपालक व सहायक अभियंता ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वर्षों पहले 100 बेड वाला बने नये अस्पताल भवन का जीर्णोद्धार किये जाने की कवायद सरकार द्वारा शुरू कर दी गई है। मंगलवार को भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रेमलाल सिंह व सहायक अभियंता जवाहर सिंह ने संयुक्त रूप से भवनाथपुर पहुंच दो तल्ला अस्पताल भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में बने चिकित्सक एवं स्टॉफ क्वार्टरो का भी मुआयना किया। निरीक्षण के उपरांत भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रेमलाल सिंह व सहायक अभियंता जवाहर सिंह ने बताया कि सीएचसी प्रबंधन द्वारा कुछ वर्ष पहले बने 100 बेड वाले अस्पताल भवन को नये सिरे से जीर्णोद्धार करने संबंधी विभाग को पत्र लिखा गया था, जिसके अलोक में यह कारवाई



हो रही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल भवन का फर्स्ट फ्लोर का इमारत अच्छी है, इसमें थोड़ी खामिया है, जिसे विभाग द्वारा दुरुस्त कर इसमें सीएचसी संचालित की जा सकती है। वहीं दूसरे तल्ले के बिल्डिंग में जगह जगह से दीवारों में दरारें पड़ चुकी है। साथ उपरी तल्ले की छत ढलाई भी मानक के अनुरूप नहीं है। बरसात के दिनों में छत से ज्यादा मात्रा में पानी का रिसाव होने से बिल्डिंग की गुणवत्ता प्रभावित हो चुकी है, जिससे जान माल की क्षति हो सकती है। कहा कि अस्पताल के उपरी तल्ले के बिल्डिंग को तोड़कर नए सिरे से इसका निर्माण किये जाने संबंधी पत्र भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखा जायेगा। चिकित्सक क्वार्टर व स्टॉफ क्वार्टर के निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि बिल्डिंग रख रखाव के अभाव में जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है। इस दोनों क्वार्टरों को भी नये सिरे से दुरुस्त करने हेतु विभाग को पत्र लिखा जायेगा। इस मौके पर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास, हेड क्लर्क अरुण लकड़ा, अनूप गुप्ता, बीटीटी धर्मजीत पासवान, उपेंद्र आदि मौजूद थे।

## पीएम आवास के लाभुक को तीसरा व अंतिम नोटिस

**डंडई।** प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि से विद्यालय भवन बनाने के मामले में बीडीओ सोमा उरांव ने लाभुक रामदुलारी देवी के खिलाफ तीसरा व अंतिम नोटिस जारी कर दिया है। कहा गया है कि आवास योजना मद की राशि को प्रखंड नजारत खाते में जमा करने को लेकर इससे पूर्व भी लाभुक के खिलाफ दो और नोटिस जारी किया जा चुका है। उन्हें सख्त चेतावनी दी गयी थी कि सप्ताह के अंदर प्रखंड के नजारत खाते में योजना मद की राशि को जमा कर दें। तीसरे नोटिस में भी नजारत खाता में योजना मद की राशि जमा करने को लेकर लाभुक को सप्ताह दिन का समय दिया गया है। पीएम आवास प्रखंड समन्वयक अरविंद ने बताया कि किसी भी तरह की कार्रवाई से पहले तीन नोटिस का होना जरूरी है।

# हल्की बारिश के साथ हुयी वज्रपात से व्यक्ति की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल** हल्की बारिश के साथ वज्रपात होने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान करकोमा गांव के रिजर्व टोला खेड़ी दामर निवासी रामलाल भुइयां पिता स्वर्गीय मुन्ना भुइयां (52) के रूप में हुयी है। वार्ड सदस्य पति नाजिम अंसारी ने बताया कि दोपहर करीब 3:30 बजे रामलाल भुइयां अपने घर के पास बाहर बैठा था। अचानक हल्की बारिश के साथ वज्रपात होने पर रामलाल वज्रपात की चपेट में आ गया, जिससे वह घायल हो गया। आनन फानन में उसे उप स्वास्थ्य केंद्र मेराल लाया गया। प्रभारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार द्वारा जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। मृतक रामलाल के वज्रपात के घटना सुनकर उप स्वास्थ्य केंद्र पर प्रमुख दीप माला कुमारी मुखिया वीरेंद्र नाथ



तिवारी पहुंचे। सूचना पाकर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने एएसआई जोगेंद्र उरांव को दल बल के साथ भेजा। उरांव ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। आसपास के लोग भी इस घटना से मर्माहत हैं। मृतक रामलाल भुइयां अपने पीछे पत्नी के साथ 7 बच्चे छोड़ गया, जिसमें एक लड़की तथा एक लड़का की शादी हो चुकी है। रामलाल भुइयां की आकस्मिक मौत होने पर परिजनों के सामने गहरा आर्थिक संकट उत्पन हो गया है।

**धर्म-कर्म**

## संसार की सत्ता बाधक नहीं है, प्रत्युत उसकी महत्ता का असर बाधक है : जीयर स्वामी

# जबतक सांसारिक पदार्थों की जरूरत समझेंगे, सुखी नहीं होंगे

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि संसार की सत्ता बाधक नहीं है, प्रत्युत उसकी महत्ता का असर बाधक है। महत्ता का असर होने से गुलामी आ जाती है। संसार का संयोग अनित्य है और वियोग नित्य है। नित्यको स्वीकार करना मनुष्यका कर्तव्य है। संसारकी जिन वस्तुओंको हम बड़ा महत्त्व देते हैं, उनका काम यही है कि वे हमें परमात्मा प्राप्ति नहीं होने देंगी और खुद भी नहीं रहेंगी। संसार असत्य हो अथवा सत्य हो, पर उसके साथ हमारा संबंध असत्य है - यह निःसन्देह बात है। यह संसार मेंहदीके पत्तेकी तरह ऊपरसे हरा दीखता है, पर इसके भीतर परमात्मरूप लाली परिपूर्ण है। हम स्वयं चेतन तथा अविनाशी हैं और सांसारिक वस्तुएं जड़ तथा विनाशी हैं. दोनोंकी जाति अलग-अलग है। फिर दूसरी जातिकी वस्तु हमें कैसे मिल सकती है? जैसे उदय होनेके बाद सूर्य निरंतर अस्तकी ओर ही जाता है, ऐसे ही उत्पन्न होनेके बाद मात्र संसार निरंतर अभाव की ओर ही जा रहा है। संसार विजातीय है और विजातीय वस्तु से संबंध होता ही नहीं, केवल संबंध की मान्यता होती है। संबंधकी मान्यता ही अनर्थ का हेतु है, जिसके मिटते ही मुक्ति स्वतः सिद्ध है। शरीर संसार का निरंतर परिवर्तन हमें यह क्रियात्मक उपदेश दे रहा है कि तुम्हारा



संबंध अपरिवर्तनशील तत्त्व (परमात्मा) के साथ है, हमारे साथ नहीं; हम तुम्हारे साथ और तुम हमारे साथ नहीं रह सकते। अभी जो वस्तुएं व्यक्ति आदि हमारे पास हैं, उनका साथ कबतक रहेगा - इसपर हरेक को विचार करनेकी जरूरत है। हम शरीरको रखना चाहते हैं, सुख- आराम चाहते हैं, अपने मनकी बात पूरी करना चाहते हैं - यह सब असत्य का आश्रय है। जो किसी समय है और किसी समय नहीं है, कहीं है और कहीं नहीं है, किसीमें है और किसीमें नहीं है, किसीका है और किसीका नहीं है, वह वास्तवमें है ही नहीं। वस्तु और व्यक्ति तो नहीं रहते, पर उनसे माना हुआ संबंध बना रहता है। यह माना हुआ संबंध ही जन्म-मरणका कारण होता है। सब संसार अपनी धुनमें जा रहा है। हम ही उसको (जाते हुएको) पकड़ते हैं और फिर उसके छूटनेपर रोते हैं। जो संसारकी गरज नहीं करता, उसकी गरज संसार करता है। परंतु जो संसारकी गरज करता है, उसको संसार चूसकर फेंक देता है। मनुष्य जबतक सांसारिक पदार्थोंका संबंध रखेगा और उनकी आवश्यकता समझेगा, तबतक वह कभी सुखी नहीं होगा। संसारको सत्ता देनेसे संयोग-वियोग होते हैं और महत्ता देनेसे सुख-दुःख होते ह। नाशवान्की दासता ही अविनाशीके सम्मुख नहीं होने देती। संसार की सामग्री संसारके कामकी है, अपने कामकी नहीं। संसार विश्वास करने योग्य नहीं है, प्रत्युत सेवा करने योग्य है। नाशवान में अपनापन अशांति और बंधन देनेवाला है। असत्य को असत्य जानने पर भी जबतक असत्यका आकर्षण नहीं मिट जाता, तबतक सत्यकी प्राप्ति नहीं होती (जैसे, सिनेमाको असत्य जाननेपर भी उसका आकर्षण रहता है)।

## संक्षिप्त

### टेंपू-बाइक की टक्कर में दो घायल, सड़क जाम

**केतार।** केतार-कांडी मुख्य पथ स्थित मायर गांव के समीप मंगलवार की देर शाम हुई टेंपू और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार मायर गांव निवासी मंटू सिंह (18), पिता राम नाथ सिंह और अरूण सिंह (17), पिता राजदेव सिंह मुकुंदपुर गांव से गेहूं पिसवाकर अपने घर मायर जा रहे थे। इसी क्रम में घर से दो पांच सौ मीटर की दूरी पर विपरीत दिशा से आ रहे मार्बल लदे टेंपू से टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक चालक मंटू सिंह और अरूण सिंह को गंभीर चोट लगी है। आनन- फानन में परिजनों ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिकी इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घायल के परिजनों ने बताया कि मंटू सिंह की नाजुक स्थिति को देखते हुए रिम्स में भर्ती कराया गया है, जबकि अरूण सिंह का इलाज सदर अस्पताल गढ़वा में ही चल रहा है। इधर घटना के बाद मायर गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने टेंपू मालिक से घायलों का इलाज कराने की मांग पर रात्रि 3 बजे तक सड़क जाम कर दी था। मुखिया मुंगा साह ने घायलों के इलाज कराने के लिए पांच हजार रुपये का सहयोग किया और वाहन मालिक से इलाज का खर्च दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया।

### पीडीएस डीलर के खिलाफ की गयी शिकायत

**डंडई।** राशन कार्ड कटवाने का आरोप लगाकर डंडई गांव के पीडीएस लाभुकों ने डीलर पारसनाथ के खिलाफ डीएसओ के पास लिखित शिकायत की है। डीएसओ को दिए आवेदन में लाभुकों ने लिखा है कि हम सभी को जब तक उक्त डीलर के पास खाद्यान्न मिला तब तक न तो उनके द्वारा एक बार भी इपोश मशीन से पर्ची दी गयी और न ही सही वजन के साथ एक बार भी खाद्यान्न। हर बार 1 किलो वजन की मात्रा पर 100 ग्राम खाद्यान्न कटौती कर ही दिया गया। साथ ही लिखा है कि इपोश मशीन में अंगूठा लगाने के सप्ताह व 10 दिन के बाद उनके द्वारा हम सभी को खाद्यान्न दिया जा रहा था। इतना ही नहीं, राशन कार्ड में सम्मिलित सदस्यों में अगर किसी सदस्य का आधार कार्ड सेंडिंग नहीं है तो एक सदस्य का राशन उनके द्वारा खुद अपने पास रखकर शेष सदस्यों का राशन हम लोगों को देने का काम किया जा रहा था। वहीं डीएसओ को दिए आवेदन के माध्यम लाभुक प्रमिला देवी, सुनैना देवी, पनपत्ति देवी ने जानकारी दी है कि उक्त सभी मामलों का विरोध करते रहने पर ही डीलर के द्वारा हम सभी लाभुकों का राशन कार्ड रद्द करवा दिया गया है। लाभुकों ने अपने को बिल्कुल गरीब वह असहाय व्यक्ति बताते हुए रद्द कार्ड को पुनःजीवित करने की मांग डीएसओ से की है।

### अवैध महुआ देसी शराब के विरुद्ध छापामारी

**मेराल।** थाना क्षेत्र के दुलदुलवा गांव में थाना प्रभारी नीतीश कुमार एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध महुआ देसी शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। कई घरों एवं जंगली क्षेत्र में संचालित दर्जनो शराब भठी एवं उसमें लगे उपकरण को विनिष्ट कर दिया गया। लगभग 25 क्विंटल तैयार जावा महुआ को जमीन में उडेल कर बहा दिया गया। जावा महुआ तैयार करने वाले ड्रम एवं प्लास्टिक के थैला को नष्ट किया गया। कई घरों में तैयार रखे लगभग ढाई सौ लीटर देसी शराब को बरामद किया गया। अवैध देसी महुआ शराब के खिलाफ जिन पर कार्रवाई हुयी है उनमें कुंदन गुप्ता, केदार साव, उपेंद्र गुप्ता उर्फ गोलू, अखिलेश चंद्रवंशी, अरुण गुप्ता, अरविंद गुप्ता उर्फ राजा शामिल हैं।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत, पत्नी पर आरोप

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र की छतरपुर गांव निवासी धर्मजीत बिंद्रा का पुत्र रवि कुमार बिंद की मौत संदेहस्पद स्थिति में हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए रवि की पत्नी पर ही जहर देनेका आरोप लगाया है। परिजनों ने कहा कि रवि कभी भी आत्महत्या नहीं कर सकता। रवि को उसकी पत्नी ने ही एक साजिश के तहत जहर दे दिया और उसके बाद वहां से फरार हो गई। उधर घटना के संबंध में बताया जाता है कि रवि रात में खाना खाकर सोया। इसके बाद उसकी रात्रि में अचानक तबीयत बिगड़ी और उसके कुछ देर बाद में उसकी मौत हो गई। उसे सदर अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### एआईएमआईएम पार्टी 10 को करेगी जनसभा

**गढ़वा।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लेमीन (एआईएमआईएम) के तत्वावधान में 10 सितंबर को सदस्यता अभियान और पार्टी विस्तार को लेकर एक जनसभा का आयोजन किया जाएगा। एआईएमआईएम के प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी सह गढ़वा- रंका विधान सभा प्रभारी डॉ एम एन खान ने कहा कि एआईएमआईएम लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपनी उम्मीवारी पेश करने को लेकर पूरी तरह तैयार है। लोग लगातार इस पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसभा का आयोजन मेराल प्रखंड के पेशका उच्च विद्यालय के मैदान में किया जाएगा। जनसभा का आयोजन पूर्वाह्न 11 बजे से किया जाएगा। जनसभा के दौरान सदस्यता अभियान चलाने के साथ ही पार्टी विस्तार के अलावे चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में जिले, प्रखंड व पंचायत के सभी सम्मानित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर तैयारीयों की रूप रेखा तैयार किया जाएगा।

### समय पर पोषाहार वितरण का दिया निर्देश

**मेराल।** हासनदाग पंचायत भवन में मुखिया फूलमती की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गयी। मुखिया ने आंगनबाड़ी सेविका को प्रतिदिन सेंटर खोलने तथा समय पर पोषाहार वितरण करने का निर्देश दिया। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दुनोखाड़ के जर्जर भवन के मामले पर मुखिया ने जांच कर शिक्षा विभाग को अवगत कराने की बात कही। हसनदाग मिडिल स्कूल में चहारदीवारी मरम्मती का मामला प्रधानाध्यापक पंकज दुबे द्वारा रखा गया। रेजो मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक के बैठक में अनुपस्थित रहने पर मुखिया ने नाराजगी जहर करते हुए अगली बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। बैठक में उप मुखिया अविनाश चौबे, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी, वार्ड सदस्य राजू पासवान, सुनील बैठा, सुनीता देवी, सेविका सुनीता देवी, गीता देवी, सोनी देवी, अंबा रानी आदि लोग उपस्थित रहे।

# राशन वितरण में अनियमितता के विरोध में घेरा समाहरणालय



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
जिले के प्रतापपुर प्रखंड के मंझगांवा गांव में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा राशन वितरण में अनियमितता के विरोध में कार्डधारियों ने बुधवार को समाहरणालय का घेराव किया।

इस दौरान ग्रामीण कार्डधारियों ने डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए शांति देवी जो सरस्वती स्वयं सहायता समूह के नाम से दुकान चलाती है उसकी अनुज्ञप्ति को रद्द करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि डीलर के द्वारा माप तौल में ईट और पत्थर का प्रयोग किया जाता है। इतना ही नहीं डीलर पर कार्डधारियों ने अगस्त का अनाज नहीं देने का भी आरोप लगाया है। इसके अलावे राशन वितरण के लिए एक से डेढ़ घंटा दुकान खुलता है। इस दौरान 5 किलो के स्थान पर डेढ़ से दो किलो ही अनाज दिया जाता है। कार्डधारियों का कहना है कि जब विरोध करने हैं तो देख लेने के साथ लिस्ट से नाम काट देने की धमकी दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि डीलर को बदल दिया जाय और गांव के ही किसी व्यक्ति को दुकान दिया जाय। वहीं डीडीसी ने कार्दधारियों को मामले की जांच कराते हुए डीलर के विरुद्ध कारवाई की बात कही है।

**कार्डधारियों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई करने की मांग की**

# टाल दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन अध्यक्ष बने तापेश्वर व सचिव पंकज

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**
इटखोरी प्रखंड मुख्य के टाल स्थित ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर प्रांगण में बुधवार को दुगार्पूजा को लेकर बैठक मुखियि जोगेश्वर दांगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन करते हुए सर्वसम्मति से तापेश्वर गिरी को नया अध्यक्ष मनोनीत किया, जबकि पंकज सिंह को सचिव व नारो राम को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं अरविंद गिरी, सूरज दांगी, भोला दांगी को उपाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, सतेन्द्र गिरी, जोगेश्वर दांगी, प्रवीण सिंह, प्रिंस सिंह, प्रकाश राम, विनय सोनी, आशीष दांगी को संरक्षक बनाया गया। गांव के 50 युवकों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। निर्णय लिया गया कि कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर चुने गए युवकों की टोली अलग-अलग भागों में पूजा संपन्न कराएगी। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसे लेकर देवी मंडप परिसर से सुसारी टोला और मोहन दांगी के घर तक रौशनी, साउंड और साज-सज्जा की व्यवस्था करने, साथ ही शिव मंदिर की भी साज-सज्जा का निर्णय लिया गया। बैठक में कपिल राम, अरविंद गिरी, राजा गिरी, राजू गिरी, विनय गिरी, सूरज दांगी, सुनील गिरी, पंकज गिरी, मुकेश पाण्डेय, दिलीप पांडे, आशीष सिंह, राहुल सोनी, पिंटू सोनी, गणेश ठाकुर, पप्पू ठाकुर, कामेश्वर प्रजापति, दिलीप सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

**युवकों की टोली अलग-अलग भागों में पूजा संपन्न कराएगी**

## संक्षिप्त

### इंदिरा गांधी विद्यालय में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति



**चतरा।** शहर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित इन्दिरा गांधी आवासीय विद्यालय में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर नन्हे-नन्हे बच्चों ने राधा कृष्ण बन कर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने राधा कृष्ण बन कर मनमोहक नृत्य संगीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अनाया सिंह, अनुष्का, रिया, पल्लवी, शौर्य, उज्जवल, अंकुश, श्रीयांश ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका पूनम सिंह, प्रज्ञा पाठक, निर्मलाी, नीतू कुमारी व अन्य शिक्षकों ने योगदान दिया।

### दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी गठित, राजेंद्र बने अध्यक्ष

**बालूमाथ।** गनेशपुर पंचायत के आरा ग्राम में मुखिया प्रमेश्वर उरांव की अध्यक्षता मेंबैठक हुयी, जिसका संचालन रवि प्रकाश ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सचिव पदुम यादव, कोषाध्यक्ष मिथलेश कुमार, संयोजक रवि प्रकाश, संरक्षक जितेंद्र प्रसाद, प्रवक्ता बासो साव, मीडिया पवन कुमार, उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद, उपसचिव मंगल गंझू, उपकोषाध्यक्ष अखलेश यादव, सह कोषाध्यक्ष रुपलाल राणा, सह संयोजक विशेश्वर साव, मीडिया बबलू कुमार, पूजा प्रभारी हरि प्रसाद, रविंद्र साव, सुरेश साव, सुरक्षा टीम में कृष्णा साव, बलदेव साव, गोविंद कुमार, राजन यादव, उपेंद्र यादव, विनय कुमार, सलाहकार महेंद्र साव, रामवृक्ष साव, भोला राणा, संदीप कुमार, दिलचंद साव, शिवनारायण प्रसाद, सुबोध प्रसाद, अनिल प्रसाद आदि शामिल हैं।

### स्वास्थ्य मेले को लेकर की गयी बैठक आयोजित

**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को स्वास्थ्य मेले को लेकर बैठक की गयी। इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने की। प्रमुख ने बताया कि 15 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. दिव्य क्षितिज कुजूर ने बताया कि मेले में सभी प्रकार के मरीज का इलाज किया जाएगा। वहीं प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने बताया कि स्वास्थ्य मेले का प्रचार प्रसार सभी गांव में होना चाहिए। मौके पर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, डॉ. उमेश, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, समाजसेवी अख्तर अंसारी, समाजसेवी दिनेश प्रसाद, विनीता देवी, बीपीएम कमलेश कुमार, समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी लोग उपस्थित हैं।

### कांग्रेस कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक हुयी

**मनिका।** कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने की। बैठक का संचालन युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने किया। बैठक में बूथ स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने को लेकर कमेटी का विस्तार करने और बूथ जोड़ने को लेकर चर्चा की गयी। मौके पर उपाध्यक्ष विशाल कुमार, मीडिया प्रभारी विजेंद्र पासवान, महासचिव सरजू यादव, उपाध्यक्ष अरविंद यादव, पांचों राम, रिंकू कुमार, उमाशंकर यादव, सुनील यादव, युवा सचिव, ज्ञानचंद पासवान, संजय कुमार, वीरेंद्र यादव, धनंजय यादव, अजीत कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

### जंगली हाथियों ने फसलों को रौंद कर नष्ट किया

**बालूमाथ।** बालूमाथ वन क्षेत्र में मंगलवार रात्रि जंगली हाथियों के झुंड ने जल ग्राम में एक दर्जन किसानों की फसलों को रौंद कर बर्बाद कर दिया। किसान जयराम उरांव, उमेश उरांव, बालेश्वर उरांव, उदय लोहरा, पुराण उरांव, रामा उरांव, लालदेव लोहरा ननकू यादव, दशरथ यादव लोचन यादव, वीरेंद्र यादव आदि के साथ राजद युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव ने नुकसान का जायजा लिया एवं वन विभाग को अवगत कराते हुये मुआवजे की मांग की।

### कोच से लकड़ी का बोटा और चौखट बरामद

**चंदवा।** टोरी जंक्शन पर बुधवार को गाड़ी संख्या 03341 बरकाकाना डेहरी ऑन सोन से प्रभारी निरीक्षक टोरी के नेतृत्व में साधारण कोच की सीट के नीचे रखे जंगली लकड़ी के कुल चार अदद बोटा चौखट बरामद किये गये। पूछताछ में किसी के द्वारा उसपर दावा नहीं किया और न ही किसी के द्वारा उक्त बोटा को ट्रेन में चढ़ाए जाने के बारे में बताया गया। सीआईबी बरकाकाना के अधिकारी व जवान ने उक्त लकड़ी के बोटे को जब्त किया।

### कुएं में गिरे दो जंगली पशु, विभाग को दी सूचना

**गिद्धौर।** बरटा गांव के एक कुएं में दो जंगली पशु गिर गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पशु उक्त कुएं में चार दिन से पड़े हुए हैं। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी है। ग्रामीणों ने बताया कि चार दिनों से कुएं में सियार (लोमड़ी) गिरे हुए हैं, जिससे ग्रामीण भी परेशान हैं। ऐसे में ग्रामीण दोनो पशु को कुएं में ही मकई आदि खिलाकर जीवित रखें है। वन विभाग वनपाल रूपलाल यादव ने बताया कि जल्द ही कुएं में डूबे पशु को निकाला जाएगा।

### विद्यालय में लगे सोलर प्लेट की चोरी की गयी

**गिद्धौर।** पहरा पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सलिमपुर से अज्ञात चोरों ने सोलर प्लेट की चोरी कर ली। इस बाबत विद्यालय के सचिन सलामुद्दीन अंसारी ने थाना में आवेदन देकर चोरी की प्राथमिक की दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि पिछले सोमवार की देर रात मिनी जल मीनार में लगे तीन सोलर प्लेट में दो सोलर प्लेट की चोरी कर ली गई। इसकी जानकारी मंगलवार को विद्यालय खुलने के पश्चात हुई।

### राधाकृष्ण मंदिर में अखंड हरि कीर्तन आयोजित

**टंडवा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर बुधवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा विशेष पूजार्चना की गई। वहीं मिश्रोल स्थित राधाकृष्ण मंदिर (ठाकुरबाड़ी) में अखंड हरि कीर्तन किया जा रहा है। मध्य रात्री में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव उत्साह मनाने की तैयारियां की जा रही है। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा उत्सव को खाश बनाने के लिए लोगों को मनोरम झांकी दिखाये जाने की बातें कही गई। रात्रि में जन्मोत्सव, पूजार्चना व गोविंदाभिषेक के पश्चात महा प्रसाद का वितरण शुरू किया जाएगा।

## जिप उपाध्यक्ष ने उप विकास आयुक्त से की जांच की मांग

# सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का माध्यम बनकर बैठे हैं वेंडर



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
जिला परिषद उपाध्यक्ष ने लातेहार जिले में अवस्थित मान्यता प्राप्त वेंडरों के भौतिक सत्यापन हेतु उप विकास आयुक्त लातेहार को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में बताया है कि विभिन्न स्त्रोतों से ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि लातेहार जिले में मान्यता प्राप्त वेंडर सरकार की योजनाओं में भ्रष्टाचार के माध्यम बन गये हैं। साथ ही बड़ी संख्या में इनके प्रतिष्ठान कागजों पर संचालित हो रहे हैं। कई प्रतिष्ठान टैक्स चोरी में भी संलग्न हैं। सरकारी अभिलेखों में प्रस्तुत विपत्रों और उनके द्वारा सरकार को समर्पित पत्र के आंकड़ों में भी अंतर होने की संभावना है। इन सब तथ्यों के अनुश्रवण के अभाव में बड़े पैमाने पर अनियमितता की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने लिखा है कि सभी मान्यता प्राप्त वेंडरों के भौतिक सत्यापन के साथ-साथ उनके कागजातों की जांच की जानी नितांत आवश्यक है ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

बता दें वेडर को सरकार द्वारा सरकारी योजना में छड़ सीमेंट आदि मैटेरियल देने के लिए मान्यता दी गई है। बदले में वेडर सरकार को टैक्स देता है, जबकि अन्य छड़ सीमेंट आदि मैटेरियल के दुकानदार भी सरकार को जीएसटी के माध्यम से टैक्स देते हैं, तो फिर वेंडर की ही रसीद सरकारी योजना में लगती है। अन्य दुकान की मैटेरियल रसीद राशि निर्गत के लिए लगाने पर विभाग द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता है, जबकि छड़ सीमेंट आदि मैटेरियल की दुकान क्षेत्र में बहुत हैं और सरकारी योजना में इन्हीं पास की दुकानों से अधिकांश लाभुक या बिचौलिए खरीदारी करते नजर आते हैं। फिर भी इन दुकानदारों की रसीद विभाग द्वारा स्वीकार नहीं की जाती है। इसका पूरा लाभ विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त वेंडर उठा रहे हैं। वेंडर प्रखंड के सरकारी अधिकारियों के नाम पर भी परसेंटेज काट लेते हैं। जनप्रतिनिधियों को इस जटिल मामले में अग्रसर पहल करने की आवश्यकता है। ताकि सरकार यह भ्रष्ट नियम सुधार कर सके।

## एमआरपी से ज्यादा कीमत पर शराब बेची जा रही, नोकझोंक

**ग्राहकों ने दुकानदार पर नकली शराब बेचने का आरोप लगाया**



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
झारखंड में शराब बिक्री से अवैध कमाई का गोरखधंधा जोरों पर है। खुलेआम एमआरपी से ज्यादा कीमत पर शराब बिक रही है। ज्यादा एमआरपी पर शराब बेचने को लेकर महुआडांड़ प्रखंड स्थित शराब दुकानदार और ग्राहकों के बीच मंगलवार देर रात तीखी नोकझोंक हुई। इस दौरान ग्राहकों ने दुकान में जमकर हंगामा भी किया। ग्राहकों का आरोप है कि दुकानदार मनमाना दामों में शराब बेच रहे हैं। क्वार्टर में एमआरपी से 20 से 30 और फूल में 100 से 150 रुपये ज्यादा लिया जाता है। पूछे जाने पर दुकानदार कहते हैं कि शराब के दाम बढ़ गये हैं। लेकिन इस संबंध में उनके पास कोई कागजात या सरकारी आदेश नहीं होता है। शराब की बोतल में भी कोई नया प्रिंट नहीं है। इतना ही नहीं, कई ग्राहकों ने शराब दुकानदार पर सरकारी स्टीकर का प्रयोग कर नकली शराब बेचने का आरोप लगाया।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक प्रदीप कुमार सिन्हा ने कहा कि मामले की जांच करायी जायेगी। अगर एमआरपी से अधिक मूल्य लिया जा रहा है या फिर नकली शराब बेची जा रही है, तो शराब दुकानदार पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# एसडीएम के निर्देश पर दोनों पक्ष पहुंचे अनुमंडल कार्यालय, रखा पक्ष

**शिक्षक संघ व बीईओ घनश्याम चौधरी के बीच विवाद का मामला**




**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
प्रखंड में विगत कुछ दिनों से शिक्षक संघ एवं बीईओ घनश्याम चौधरी के बीच बढ़ते विवाद को देखते हुए एसडीएम नीत निखिल सुरीन के निर्देश पर दोनों पक्ष बुधवार को अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और एसडीएम की अनुपस्थिति में अनुमंडल कार्यालय अधीक्षक के सामने अपना-अपना पक्ष रखा। इससे पहले मंगलवार को एसडीएम ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों को पत्र लिखते हुये कहा था कि इस विवाद से शिक्षकों एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के बीच समन्वय की कमी एवं कार्य के प्रति लापरवाही परिलक्षित होती है। साथ ही आम जनता के बीच शिक्षा जगत की छवि धूमिल होती है।

बता दें कि स्थानीय जिला परिषद डाक बंगला परिसर में गत रविवार को झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के लातेहार जिला अध्यक्ष अनुपा मिंज की अध्यक्षता में प्रखंड के शिक्षक संघ की बैठक संपन्न हुई थी। बैठक में झारखंड राज्य महासचिव योगेंद्र तिवारी, संघ के कोषाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिन्हा, लातेहार जिला प्रधान सचिव चंदन कुमार सिंह, सुनील कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने बीईओ घनश्याम चौधरी व रा.म.वि. रेंगाई के सहायक शिक्षक यूसुफ अंसारी पर शिक्षकों से धमकाकर पैसा लेने का आरोप लगाते हुए कहा था कि यूसुफ अंसारी बीईओ घनश्याम चौधरी के नाम पर शिक्षकों एवं रिटायर हुए शिक्षकों को परेशान करके रख दिए हैं। छोटे से बड़े काम के लिए पैसे की डिमांड करते हैं। वहीं बीईओ घनश्याम चौधरी का कहना था कि ये सही है कि सहायक शिक्षक यूसुफ अंसारी से कार्य लेता हूं पर स्कूल टाइम के बाद। कुछ शिक्षकों के द्वारा आदिवासी बनाम सामान्य की जातिवादी राजनीति की जा रही है। अनुपा मिंज मेरे नाम से पैसा लेती थी, जिस पर मैंने अंकुश लगा दिया। इसी कारण वह मेरे संबंध मे गलत बयानबाजी कर रही हैं।

# वाहन की चपेट में आयी कार, बाल-बाल बचे सवार



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित लकडाही मोड़ के समीप कोयले की ढुलाई में लगे अज्ञात कोलवाहन ने मंगलवार देर रात एक कार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वाहन में सवार तीन लोग घायल हो गए। किसुनपुर रिश्तेदारों से मिलकर हरिलाल महतो, आकाश महतो व शुभम कुमार वाहन में सवार होकर रात्री लगभग 9 बजे खलारी थाना क्षेत्र स्थित अपने घर डूंडू बस्ती जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित विपरीत दिशा से आ रहा कोल वाहन अपने चपेट में लेकर मौके से फरार हो गया। गनीमत रहा कि दुर्घटनाग्रस्त होने के दौरान वाहन में लगे सुरक्षा गुब्बारा निकल गया। जिससे सभी बाल-बाल बच गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी का इलाज किया गया। वहीं बुधवार देर शाम तक दुर्घटनाग्रस्त वाहन सड़क के बीचों-बीच पड़ा हुआ था। बहरहाल, स्थानीय लोगों की मानें तो सड़क सुरक्षा मानकों के अनुपालन कराने में जिला प्रशासन पूरी तरह से विफल रही है। जिससे आए लोगों को सड़क दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। वहीं संचालित सीसीएल कोल परियोजनाओं द्वारा करोड़ों का मुनाफा अर्जित करने के बावजूद कोल ट्रांसपोर्टरों व सीसीएल प्रबंधन दुर्घटनाग्रस्त होने वाले घायलों व मृतकों के परिजनों को मुआवजा मुहैया कराने में अपना कदम पीछे खींच लेती है।

# सीआरपीएफ के जवान ने रक्तदान कर बचायी जान

**लातेहार।** सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के एक जवान संतोष सिंह ने रक्तदान कर एक प्रसूता महिला की जान बचायी।

जानकारी के अनुसार, शहर के गुरुद्वारा रोड निवासी अशोक प्रजापति की पत्नी अनिता देवी प्रसव के लिए सदर अस्पताल में भर्ती थी। अनिता देवी को ओ पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी, लेकिन ब्लड बैंक में उस ग्रुप का ब्लड उपलब्ध नहीं था। इसकी जानकारी मिलने पर तेली समाज के युवा प्रमंडलीय अध्यक्ष विशाल चंद्र साहू ने सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कनौजिया को ब्लड उपलब्ध कराने का आग्रह किया। कनौजिया की अपील पर सीआरपीएफ जवान संतोष सिंह ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। इसके लिए अशोक प्रजापति के परिजनों ने उनका आभार प्रकट किया। अशोक व उनकी पत्नी दोनों दिव्यांग हैं।

# 'सनातन के प्रसार में एकल अभियान की अहम भूमिका'




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के विवाह मंडप में एकल अभियान का तीन दिवसीय नवीन आचार्य चयन वर्ग सह दस दिवसीय वार्षिक आचार्य अभ्यास वर्ग का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लातेहार अंचल समिति के अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद ने की। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए आरएसएस के जिला संघ चालक राजमणि प्रसाद ने कहा कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में एकल अभियान की सराहनीय भूमिका है। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि एकल अभियान अपने उदेश्यों की ओर बढ़ रहा है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सह एकल अभियान के संरक्षक सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा कि एकल अभियान एक आंदोलन है। पलामू विभाग के उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने एकल अभियान के पंचमुखी उदेश्यों पर प्रकाश डाला। मौके पर सचिव महेंद्र प्रसाद शौंडिक, अंचल अभियान प्रमुख अवध किशोर यादव, भाजपा की प्रमंडलीय नेत्री कल्याणी पांडेय, योग प्रशिक्षक सुनीता गुप्ता, संजय तिवारी, रामदेव सिंह, धमेंद्र जायसवाल, रामहरि प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, गया प्रसाद गुप्ता, संतोष पासवान, उदय कुमार सिन्हा, राहुल कुमार, राजेश उरांव, रामवृक्ष आदि उपस्थित थे।

# अक्सी मुंडा टोली में कुएं में डूबने से महिला की मौत

**महुआडांड़।** प्रखंड के अक्सी पंचायत के मुंडा टोली में कुएं में डूबने से एक महिला की मौत हो गई। म1तक की पहचान फग्नि देवी पति बालकु मुंडा अक्सी मुंडा टोली के रुप में हुई है। अक्सी पंचायत की मुखिया रोजालिया टोप्पो द्वारा बताया गया कि यह घटना मंगलवार शाम की है। मृतिका के परिवार वालों ने बताया कि मंगलवार की शाम वह गांव के ही कुएं में बर्तन धोने के लिए गई हुई थी। इसी दौरान वह कुएं में गिर गई और उसकी मौत हो गई। देखने से ऐसा प्रतीत होता है जैसे क्कि वह फिसल कर कुएं में गिर गई हो। कुएं के अंदर चप्पल भी गिरा हुआ था, जिससे यह कयास लगाया जा रहा है कि पैर फिसलने की वजह से वह कुएं में गिर गई होगी। वहीं इस घटना की जानकारी पंचायत के मुखिया रोजालिया टोप्पो के द्वारा थाना को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया है।

## कार्यक्रम | कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर रूप सजा का आयोजन

# राधा-कृष्ण के रूप में बच्चों ने मोहा मन



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
स्थानीय विद्यालय विद्या मंदिर में श्री जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर राधा कृष्ण रूप-सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राज पूरी, विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक व्यापक, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। कक्षा अरुण से प्रथम तक के कुल 80 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन गीता ने किया। भूमिका नीलम ने रखी। निर्णायक मंडल में पूनम, उपासना, और नीलम शामिल रही। राधा के रूप में कक्षा - उदय 'ब' की अर्चिका को प्रथम तथा कृष्ण के रूप में कक्षा प्रथम 'अ' के रेवांश गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ नृत्य में रिवांश गुप्ता और आदिया गुप्ता को पुरस्कृत किया गया। मौके पर लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, आलोक पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश सिन्हा, रविंद्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

# डीसी से सड़क व पेयजल व्यवस्था कराने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
जेएमएम युवा जिला सचिव परवेज आलम ने उपायुक्त हिमांशु मोहन से मुलाकात कर महुआडांड़ की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान करने का अनुरोध कियौ। वहीं कुछ समस्या को लेकर परवेज आलम के द्वारा उपायुक्त को ज्ञापन भी दिया गया है, जिसमें लिखा गया है कि प्रखंड के महुआडांड़ बगरा मांचा बस्ती में सड़क और पेयजल की समस्या है। इसके कारण वहां लोगों को दूरदराज से पानी लाना पड़ता है। साथ ही वहां के ग्रामीणों व विद्यार्थियों को स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, प्रखंड व अनुमंडल कार्यालय समेत वहां से अन्य स्थानों में आवागमन को लेकर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन सब परेशानियों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए और निरीक्षण कराते हुए सड़क और पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग उपायुक्त लातेहार की गई है। इसके साथ ही इसकी प्रतिलिपि सूबे के मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार, पीडब्लूडी लातेहार को भी भेजी गयी है।

## लोहरदगा व गुमला जिले में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

# जन्माष्टमी पर राधा-कृष्ण के रूप में बच्चे बने आकर्षण का केंद्र








**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में जन्माष्टमी की पूर्व संध्या में रूप सज्जा प्रतियोगिता सह मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा शिशु से प्रथम तक के भैया बहन कृष्ण एवं राधा के रूप में सुसज्जित थे। मौके पर राधे एवं कृष्ण के रूप में शिशु गीत एवं नृत्य से समारोह को आनंद में एवं भाव विभोर बनाए। भैया अच्युतम एवं उनके साथियों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया वही बहन प्राची सोनी एवं सहेलियां द्वारा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। रूप सजा प्रतियोगिता में कृष्ण के रूप में प्रथम स्थान भैया अदम्य, द्वितीय स्थान भैया अभिनंदन सहदेव तथा तृतीय स्थान भैया तन्मय आर्य ने प्राप्त किया उसी क्रम में राधा के रूप में प्रथम स्थान बहन योगिता भारती द्वितीय स्थान बहन प्राची सिंह तथा तृतीय स्थान आराध्या शानू को प्राप्त हुआ। मौके पर प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा शिशु स्वयं भगवान के रूप होते हैं। हमें बच्चों को अधिक से अधिक प्रेम प्रोत्साहन एवं सम्मान देना चाहिए। शिशु के सम्यक विकास के लिए आचार्य एवं माताएं सतत प्रयत्नशील हैं। शिशु के सर्वांगीण विकास के द्वारा ही राष्ट्र का विकास संभव है। शिशु वाटिका एवं नन्ही दुनिया की मधुर कल्पना पर समग्र विचार सुनीता बहन द्वारा प्रस्तुत किया गया। सुमन राय ने कहा कि हर बाला राधे की प्रतिमा है तथा बच्चा-बच्चा कृष्णा है। सभी बच्चे भगवान के रूप होते हैं। कार्यक्रम में कमलावती सिंह, सरिता जायसवाल, शोभा देवी, महेंद्र मिश्रा समेत शिशुओं के अभिभावक बंधु एवं माताएं मौजूद थे।

### राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित



**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा अरुण से कक्षा नवम तक के लगभग 50 भैया बहनों ने भाग लिया। राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में कक्षा अरुण से पंचम तक मे प्रथम स्थान युवराज कुमार एवं करण कुमार, द्वितीय स्थान अनुराग कुमार एवं गुनगुन कुमारी, तृतीय स्थान नैंसी कुमारी एवं अंजली कुमारी तथा कक्षा षष्ठ से नवम के लिए प्रथम स्थान भैया मृन्तुंजय कुमार,एवं अनामिका कुमारी को प्राप्त हुआ। वहीं निर्णायक मंडली में केदार साहू, प्रतिभा देवी और प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी शामिल थे। प्रधानाचार्य ने कहा की इस तरह के प्रतियोगिता से बच्चे बच्चियों में नैतिक एवं धार्मिक गुणों का विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी अचार्य आचार्या का सहयोग रहा। मौके पर प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, जय प्रकाश सिंह, राजकिशोर उरांव, मीना देवी, डॉली कविता, गंगा कुमारी, चांदनी कुमारी, शुशांति कुमारी आदि उपस्थित थे।

### राधा कृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम का आयोजन

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भगवान कृष्ण के जन्म दिन के अवसर पर राधा कृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा प्रवेश से कक्षा दशम तक के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें राधा रूप सज्जा में प्रथम कक्षा नवम के अंजली लकड़ा, द्वितीय स्थान शानवी राज एवं तृतीय स्थान समृद्धि कुमारी तथा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम दक्ष राज द्वितीय किट्टू साहू एवम तृतीय स्थान में लोकेश कुमार चुने गए ऐसे सभी प्रतिभागी एक से बढकर एक मनमोहक झांकियां प्रस्तुत किए जो सबको अपनी ओर आकर्षित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिभावक एवं विद्यालय के सभी आचार्य ने सहयोग किया। मौके पर प्रधानाचार्य प्रमोद ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और उनमें और अच्छा कार्य करने की क्षमता बढ़ती है।

### कालिया नाग मर्दन महारास लीला पर नाटक का विमोचन

**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से 9 वीं तक के विद्यार्थियों ने राधा तथा कृष्ण के स्वरूप का चित्रण किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म तथा उनके द्वारा लोक कल्याण के विषय में किये गए कार्यों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान श्री कृष्णा विकट परिस्थिति में भी अपने चाहने वालों का साथ नहीं छोड़ते थे। मौके पर कालिया नाग मर्दन, महारास लीला पर आधारित नाटक का भी विमोचन किया गया। मौके पर विद्यालय के संचालक चंद्रकांत पाठक सचिव अंकिता श्री सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे।

## भाजपाइयों ने तमिलनाडु के मंत्री का पुतला फूंका

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के अगुवाई में तमिलनाडु राज्य के मंत्री उदयनिधि स्टालिन का पुतला दहन स्थानीय पावरगंज चौक में किया गया। मौके पर रितेश कुमार ने कहा कि उदयनिधि के द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध की गयी अशोभनीय टिप्पणी निंदनीय है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि एकमात्र सनातन धर्म ही ऐसा धर्म है जो निर्विवाद व अनंत काल से स्थापित है। अनेकों सनातन विरोधी शासक आयें परंतु सनातन धर्म को समाप्त करने का सपना लेकर काल के गाल में समा गयें। सनातन धर्म को ललकारने वाले स्वयं ही मिट्टी में मिल जाते हैं। पुतला दहन कार्यक्रम में अजय कुमार



पंकज, रितेश कुमार, अमरेश भारती, जगनन्दन पौराणिक, दिलीप पटनायक, ओमप्रकाश गुप्ता, सूरज दसौंधी, मिथुन तामेंड़ा, चन्दन गोयल, सजल दीपक सर्राफ, सुशील पटनायक, ऋतिक वर्मा, दीपक साहू, पीकू शर्मा, अविनाश सिंह, आनन्द कुमार, आलोक कुमार, मंगल गोप, रमेश कुंवर, अनूप वर्मा, शशिभूषण सिंह, अतुल कुमार, परमानंद कुमार इत्यादि शामिल थे।

## समिति का सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** जय श्रीराम समिति के द्वारा पावरगंज स्थित देवी मंदिर में महाआरती एवं भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में महिलाएं बड़े बच्चे हुए शामिल हुए। महाआरती के बाद हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ किया गया। उसके बाद तमिलनाडु सीएम के बेटे उदयनिधि स्टालिन के द्वारा सनातन धर्म को खत्म करने के बयान को लेकर सड़कों पर हजारों की संख्या में सनातन धर्मलंबियो ने प्रदर्शन किया। समिति ने कहा कि ऐसे सनातन विरोधी नेता या उसे सपोर्ट करने वाले राजनीतिक पार्टियों का होगा संपूर्ण बहिष्कार। उक्त कार्यक्रम जय श्रीराम समिति नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में किया गया था। कार्यक्रम के पश्चात



नगर कमेटी का विस्तार किया गया। इसमें नगर महामंत्री सुशील पटनायक, नगर कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति भगत एवं उपाध्यक्ष पवन प्रजापति को बनाया गया। मौके पर संरक्षक सुषमा सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद, अजय पंकज, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव उर्फ गुड्डू, संतोष लकड़ा, ओम महतो, जिला महामंत्री अजय साहू, अनिल उरांव, बिक्की कसेरा, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, संगठन मंत्री अभिषेक साहू, सह कोषाध्यक्ष निखिल कुमार समेत हजारों की संख्या में सनातन धर्मावलंबी मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### बीडीओ ने स्वयंसेवकों के साथ की बैठक

**भंडरा।** आवास योजना में तेजी लाने को लेकर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने आवास सहायक एवं कार्यपालक सहायक के साथ समीक्षा बैठक की। जानकारी देते हुए बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने के लिए आवास के स्वय सेवक एवं कार्यपालक सहायक के साथ समीक्षा बैठक की गई। इसमें अपूर्ण आवास निर्माण की जानकारी ली गई। साथ ही वैसे लाभुक जो अभी तक आवास योजना के तहत अपने घरों का निर्माण नहीं प्रारंभ किए हैं, उनलोगों लोगों पर सख्ती के साथ कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश आवास सहायकों को दी गई। मौके पर बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में वर्ष 2016 से लेकर 2023 तक प्रधानमंत्री आवास में फिलहाल 71 आवास पूरा नहीं हो सका है। सभी स्वयंसेवक पूरी निष्ठा से आवास निर्माण कार्य करायें। बैठक में प्रखंड समन्वयक नितलेंद्र कुमार, बंदे उरांव, बाबर अंसारी, संदीप उरांव, हरिचरण उरांव आदि उपस्थित थे।

### कल्हेपाट में जलमीनार का पैनल बोर्ड चोरी

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत कल्हेपाट डीपा टोली आंगनबाड़ी के समीप लगा जलमीनार का पैनल बोर्ड पांच दिन पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। चोरी की सूचना ग्रामीणों से प्राप्त सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा जायजा लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को अवगत कराया गया। बता दें कि कल्हेपाट डीपा टोली आंगनबाड़ी केंद्र के समीप जलमीनार में मशीन को चलाने के लिए पैनल बोर्ड लगाया गया था, जिसे पांच दिन पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया। पैनल बोर्ड का चोरी होने से पानी पीने के लिये ग्रामीण और बच्चों को काफी परेशानी हो रही है।

### उपायुक्त ने की कार्यों की समीक्षा बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को गत 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति एवं जिला योजना समिति की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षात्मक बैठक की गई। इसमें ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत पेशरार में 7 पथों, उच्च स्तरीय पुलों, बण्डा पुल, अरू-हेसवे पथ की स्थिति, ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल अंतर्गत सलगी में उच्च स्तरीय पुल, एनआरईपी विभाग द्वारा भुषाड़ में डीएमएफटी मद से कार्य, कृषि विभाग अंतर्गत वर्ष 2021-22 एवं 22-23 में कृषि ऋण माफी की स्थिति, कृषकों का केवाईसी, आकस्मिक फसल योजना अंतर्गत बीज वितरण का कार्य, वर्ष 2022-23 अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन योजना में भौतिक उपलब्धि की स्थिति समेत अन्य अनुपालनों की समीक्षा की गई। लंबित अनुपालन अविलंब समर्पित किये जाने का निदेश संबंधित विभागों को दिया गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस समेत सभी संबंधित विभागों के कार्यालय प्रधान उपस्थित थे।

### शिक्षक दिवस और कृष्णा जन्माष्टमी मनाई गई



**लोहरदगा।** अग्रवाल मुहल्ला स्थित लिली किडज प्ले स्कूल में शिक्षक दिवस व श्री कृष्णा जन्माष्टमी बहुत ही धुमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की संचालिका प्रिया अग्रवाल ने द्वीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जन्माष्टमी पर विद्यालय के छात्रों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बालक बालिकाओ को पुरस्कृत किया गया। मौके पर पूर्वी, जयश, वात्सल्य मौर्य, आरोही, शिवानी, नक्ष बिंदल अविषा, पार्थ सिन्हा, अविष्या तिर्की, परमवीर राज, अर्नव सोनी, जान्हवी गोयल, शानवी, आरोही, संकल्प, तनवी सिंहा, अनिका, अक्षिता सुचि, अक्षिता वर्मन, वैष्णवी, नव्या पोद्दार, मानसी, वैष्णवी बिंदल, मानसी आदि बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका प्रिया अग्रवाल के अलावा अभिभावक गण' शिक्षिकागण तनु, बबली, निशा राय, रश्मि गुप्ता, प्रीति गोयल तथा अनुराधा उपस्थित थे।

## बाईपास रोड निर्माण को लेकर 11 से लगेगा कैंप

**कुडू।** जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के निर्देश पर नेशनल हाइवे 75 मार्ग के पैकेज वन कुडू से उदयपुरा सेक्शन तक फोरलेन सड़क निर्माण परियोजना अंतर्गत 3 जी के तहत कार्रवाई को लेकर तीन दिवसीय कैंप 11 सितंबर से 14 सितंबर तक किया जाना है। उक्त आशय की जानकारी कुडू के सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि 3जी के तहत कार्रवाई करने के लिए भूमि से संबंधित रैयतो, ग्रामीणों का भूमि की विवरणी एवं भूमि पर अवस्थित संरचना से संबंधित कैम्प का आयोजन समय पूर्वाह्न 11.00 बजे किया जाएगा।

## साढ़े चार किमी बनने वाले पथ निर्माण का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत के गगेया बाजार टांड से पतलो गड़वाल सिमाना तक आरईओ विभाग से 4.50 किलोमीटर पथ निर्माण का स्वीकृति मिलने पर विशुनपुर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि शिवराम कच्छप, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी कैरो जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, भंडरा विधायक प्रतिनिधि मिठू उरांव, सेन्हा विधायक प्रतिनिधि बिरेंद्र उरांव, मुखिया बंधन उरांव सहित विभाग के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। बताया गया कि गगेया से पतलो तक सड़क



काफी समय से जर्जर हो गया था, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी। बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा की पहल से पथ निर्माण की स्वीकृति करायी गयी। पथ निर्माण कार्य का प्राकलन राशि लगभग 4 करोड़ है। इससे 4.50 किलोमीटर सड़क बनायी जायेगी।

## बीडीओ ने बीएलओ सुपरवाइजर के साथ की बैठक

**कुडू।** बीडीओ मनोरंजन कुमार ने बुधवार को बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ कुमार ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के दौरान किए गए कार्यों की समीक्षा की एवं सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को घर-घर किये गए सत्यापन का ऑनलाइन सत्यापन करने, मतदाता के ब्लैक एंड व्हाइट फोटोग्राफ्स को कलर फोटोग्राफ से बदलने एवं प्रत्येक मतदान केंद्र में चुनावी पाठशाला आयोजन करने और निर्धारित समय तक लक्ष्य का शत-प्रतिशत कार्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया।

## भंडरा में बीओआई का स्थापना दिवस मनाया

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा** बैंक ऑफ इंडिया भंडरा शाखा परिसर में बैंक का 118 वां स्थापना दिवस मनाया गया। शाखा प्रबंधक रामनरेश प्रसाद ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना 1906 को रामनरेश रूईया के द्वारा मुंबई में किया गया था। आज बैंक की 29 शाखाएं विदेशों में लोगों को सेवा दे रही हैं। क्षेत्र के सैकड़ों महिला समूह द्वारा बैंक से ऋण लेकर आत्मनिर्भर बन रही है। शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक की तरफ से पहली कोशिश यही रहती है कि ग्राहक को अच्छी से अच्छी सुविधा दी जाए जिससे ग्राहक खुश रहे



और बैंक की स्कीमों को ग्राहक तक पहुंचाना जिससे ज्यादा से ज्यादा ग्राहक इसका लाभ उठा सके। मौके पर दिवाकर मिंज, चन्द्रमुनी कुमारी, प्रतुल कुमार मिश्रा, समुयाल मिंज, प्रीति कुमारी, सुरेंद्र कुमार, बीरेंदर उरांव समेत सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**आयोजन** | पूरे झारखंड के 62 कराटेकार अपना जलवा दिखाने जयपुर रवाना

# कराटे लीग सीजन-2 के झारखंड प्रतिनिधि बने अमित

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू** गुलाबी शहर जयपुर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में 8 से 11 सितंबर तक आयोजित खेल कराटे लीग सीजन 2 में एक बार फिर अपना जलवा दिखाने के लिए लोहरदगा के क्राटेकार जिला कराटे संघ लोहरदगा के जिलाध्यक्ष सह खेल कराटे सीजन 2 के प्रतिनिधि सेंसई अमित कुमार सिंह की अगुवाई में राज्य के कुल 62 खिलाड़ी जयपुर रवाना हुए। जयपुर के लिए रवाना हुए खिलाड़ियों में लोहरदगा जिले से ही कुल 42 क्राटेकार शामिल हैं। चयनित खिलाड़ियों के लिए जिला कराटे संघ




लोहरदगा की ओर से प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में 'बेस्ट ऑफ लक' विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीओ मनोरंजन कुमार उपस्थित हुए। अतिथियों ने खिलाड़ियों को बधाई और सुभकामनाये दी और एक बार फिर जिले और राज्य का परचम लहरा कर लौटने की बात कहीं। अंडर - 12 में अभिषेक उराव, नीतू कुमारी सोनिका कुमारी, अलीशा टोप्पो, अंडर - 13 में प्राची कुमारी, माही कुमारी, चित्रलेखा कुमारी, और खुसबू कुमारी, अंडर -14 में प्रियंका उराव, प्रीति उराव, सुषमा कुमारी, अंशु भगत, ओर नितेश उराव, अंडर - 15 में पल्लवी कुमारी, अनामिका उराव, रोशनी मुण्डा, फूल कुमारी, और कुंदन कुमार, अंडर -16 में शिफा स्वीटी एक्का, अंडर -17 में रित्तीक ठाकुर, राजकुमारी टोप्पो, रोशनी कुमारी, अंडर 18 में प्रेमी उराव, सरस्वती कुमारी और अंडर -19 में आस्था कुजूर शामिल हैं।

## लाल वारंटी पति पत्नी गिरफ़्तार भेजे गये जेल

**कुडू।** कुडू थाना पुलिस ने बुधवार को दो लाल वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल भेजे गए लोगों में पति पत्नी शामिल हैं। दोनों कुडू थाना कांड संख्या 09/07 और धारा 341, 323, 34 भादवी के प्राथमिक अभियुक्त और जीआर 35/07 के वारंटी थे। जेल भेजे गए लोगों में थाना क्षेत्र के पंडरा गांव निवासी सैफुल्लाह अंसारी पिता अब्दुल शकूर अंसारी और उसकी पत्नी रेहाना खातून शामिल हैं। दोनों 15 वर्ष पहले एक मारपीट के मामले में जेल से बरी हुए थे। लेकिन मामले का सही निपटारा नही होने के कारण लाल वारंट निकला हुआ था।

